आंबेडकर विवि के वीसी बने प्रो. संजय

नियुक्ति

वाराणसी | निज संवाददाता

आईआईटी बीएचयू के फार्मास्युटिकल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष प्रो. संजय सिंह को लखनऊ के बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर केंद्रीय विवि का कुलपति नियुक्त किया गया है। प्रो. संजय ने फार्मास्युटिकल विभाग से 1985 में बी. फार्मा, 1987 में एम. फार्मा तथा 1992 में पीएचडी की।

फार्मास्युटिकल विभाग में फार्मोकोलॉजी क्षेत्र के माहिर प्रो. संजय को तकनीकी व चिकित्सा क्षेत्र का 24 साल का अनुभव है। हिन्दुस्तान से खास बातचीत में बताया कि महामना की बगिया से हासिल ज्ञान के बल पर बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विवि की ख्याति को और बढ़ाने का प्रयास करूंगा। प्रो. संजय सिंह के 139 शोधपत्र प्रकाशित हो चुके हैं। जिनमें 106 अंतरराष्ट्रीय तथा 33 राष्ट्रीय स्तर के हैं। प्रो. संजय के निर्देशन में एक दर्जन से अधिक शोध भी हुए हैं।

इन्होंने कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट पर भी काम किया है। वह एकेडमिक कौंसिल महात्मा गांधी सेंट्रल यूनिवर्सिटी बिहार के सदस्य होने के साथ ही भारतीय फार्मोकोपिया समिति तथा सेंट्रल ड्रग ऑर्गनाइजेशन भारत सरकार के भी सदस्य रह चुके हैं। उनकी नियुक्ति पर शुभचिंतकों और मित्रों ने उन्हें बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मेरी पूरा प्रयास होगा कि मेरे काम से दोनों विश्वविद्यालयों का नाम और रोशन हो।

प्रोफेसर संजय सिंह। • हिन्दुस्तान